एक नजर में

### दो पत्थर उत्खनन पट्टे किए निरस्त

**गुना।** जिले में खनिज नियमों के उल्लंघन पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सख्त प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए दो पत्थर उत्खनन पट्टों को निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही दोनों पट्टाधारकों द्वारा जमा की गई प्रतिभूति (सुरक्षा) राशि भी राजसात किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, ग्राम पिपरौदाखुर्द में सर्वे क्रमांक 2/1 मिन-1, रकबा 4.000 हेक्टेयर में स्वीकृत पत्थर उत्खनन पट्टों के संचालन के दौरान मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 के नियमों का खुला उल्लंघन पाया गया था। इस अनियमितता पर पट्टाधारक राकेश शर्मा (निवासी ग्वालियर) तथा मृदुल शर्मा (निवासी कैंट, गुना) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

### कक्षा 6वीं में एडमिशन के लिए आवेदन शुरू

**गुना।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पात्रता के लिए आवेदक विद्यार्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना अनिवार्य है। नवोदय विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इच्छुक और योग्य छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों के आधार पर आगामी 28 नवंबर 2026 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभिभावक और छात्र निर्धारित समय-सीमा के भीतर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

# भोपाल से सिरोंज तक दौड़ी पुलिस, अपराधियों का नहीं चला कोई हथकंडा

## 17 लाख की सनसनीखेज लूट का 18 घंटे में पर्दाफाश : किराएदार ही निकला 'विभीषण', मोबाइल बंद किया ताकि लोकेशन न मिले

नवभारत न्यूज

**गुना 9 जुलाई का। शहर के निचला बाजार इलाके में धनिया व्यापारी एजेंट वासुदेव शर्मा से हुई 17 लाख रुपए की सनसनीखेज लूट के मामले में गुना पुलिस ने महज 18 घंटों के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। इस हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस ने दो मुख्य लुटेरों सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि इस पूरी वारदात का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि पीड़ित मुनीम के मकान में रहने वाला किराएदार ही था, जिसने पैसों की लालच में मुखबिरी की थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लूटी गई राशि में से 16 लाख 77 हजार 100 रुपए बरामद कर लिए हैं।

दरअसल, चौधरी मोहल्ला में जिस मकान में पीड़ित वासुदेव शर्मा किराए से रहते थे, उसी मकान में आरोपी विजय यादव भी किराएदार था। विजय को पता था कि वासुदेव 8 जुलाई को राजगढ़ जिले के पचोर में धनिया बेचकर 17 लाख रुपए की मोटी रकम लेकर आने वाले हैं। विजय लगातार वासुदेव की रेकी कर रहा था और पल-पल की खबर अपने साथियों को दे रहा था। घटना के वक्त भी विजय के मोबाइल पर लगातार कॉल आ रहे थे।

**सीसीटीवी में कैद हुए चेहरे, तो पुलिस को चकमा देने के लिए बदला रूट**

वारदात को तीन शातिर युवकों- राघव शर्मा, सौरभ यादव और रुद्र गोस्वामी ने अंजाम दिया था। लूट के बाद आरोपियों के फोटो सीसीटीवी में कैद हो गए और सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पहचान उजागर होते ही आरोपियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए। वे अपने दोस्त राहुल जाटव की कार से 50 हजार रुपए देकर भोपाल की तरफ भाग गए। लेकिन जब उन्हें लगा कि पुलिस भोपाल में जाल बिछा चुकी है, तो वे चकमा देने के लिए वापस लौटे और गुना के पड़ोसी क्षेत्र सिरोंज की तरफ बढ़ गए। हालांकि, मुस्तैद पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रास्ते में ही दबोच लिया।

**सीसीटीवी कंट्रोल रूम बना हब**

घटनाक्रम के बाद एक तरफ



पुलिस मैदानी स्तर पर आरोपियों को पकड़ने की भरसक कोशिश कर रही थी। आरोन, मधुसूदनगढ़ सहित तमाम पुलिस थानों की टीमें तीनों बदमाशों हर हाल में झपटना चाहती थीं।

वहीं दूसरी ओर एसपी कार्यालय परिसर में ही बना सीसीटीवी कंट्रोल रूम एक ऐसा हब बन गया था जो बदमाशों को ट्रैक करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा था। दरअसल, आरोपियों द्वारा अपने मोबाइल बंद कर लिए थे और पुलिस को गुमराह करने के लिए अपनी कार से यहां-वहां भाग रहे थे। लेकिन पुलिस की घेराबंदी को भेदने में नाकामी रहे।

**तीन टीमों का कड़ा प्रयास, एसपी ने थपथपाई पीठ**

चूंकि मामला बेहद बड़ा था और पूरे जिले की निगाहें इस पर टिकी थीं, इसलिए एसपी हितिका वासल के निर्देश पर एएसपी और सीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं। इसमें आरोन, मधुसूदनगढ़, कोतवाली, कैंट और साइबर टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से काम किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी राघव शर्मा, सौरभ यादव, मददगार कार चालक राहुल जाटव और मास्टरमाइंड किराएदार विजय यादव को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी रुद्र गोस्वामी की तलाश जारी है। पकड़े गए



आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है; सौरभ यादव पर जुआ, मारपीट और पॉक्सो एक्ट के मामले दर्ज हैं। शानदार टीम वर्क के लिए एसपी ने सभी टीमों की सराहना की है।

**पैर में लगे थे टांके और लूट कर रहा था राघव**

इस सनसनीखेज आपराधिक घटनाक्रम में शामिल एक आरोपी राघव शर्मा के बारे में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि राघव शर्मा का कुछ दिनों पहले एक्सीडेंट हुआ था। इसके बाद एक ऑपरेशन कराया था। लेकिन ठीक होने से पहले ही उसने इतनी बड़ी वारदात में शामिल होने पर सहमति दे दी।

पुलिस ने गुरुवार तड़के जब राघव को सिरोंज के जंगल से दबोचा तब भी उसके पैर में टांके लगे हुए थे। यह देखकर पुलिस भी दंग रह गई।

**पूरे शहर में थी उत्सुकता, आईजी ने घोषित किया था इनाम**

इस मामले की चर्चा गुना गुना शहर सहित पूरे जिले में हो रही थी। शहर के एक व्यस्ततम क्षेत्र में इतनी बड़ी वारदात के बाद लोग गुस्से में थे। खास बात यह है कि आरोपियों ने ऐसे इलाके को चुना था जो सीसीटीवी कैमरों से लैस था। चप्पे-चप्पे पर कैमरे लगे हुए थे। फिर भी बदमाशों ने इतनी बड़ी हिमाकत कर डाली। जब लूट को अंजाम देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर आई तो लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस के लिए भी यह मामला बेहद चुनौती भरा था। बुधवार को गुना शहर के दौरे पर आए आए आईजी अरविंद सक्सेना ने इस मामले के आरोपियों को पकड़ने में मदद करने वालों को 30 हजार रुपए देने का ऐलान किया था। इसके बाद एसपी हितिका वासल ने पूरी पुलिस फोर्स को आरोपियों को पकड़ने के लिए झोंक दिया।

**गुना विधायक पन्नालाल ने की सराहना, एसपी को दी बधाई**

इस अभूतपूर्व सफलता के बाद गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य सीधे एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी हितिका वासल सहित एडिशनल एसपी और सीएमपी को गुलाब भेंटकर बधाई दी। पन्नालाल शाक्य ने कहा कि गुना पुलिस सजग है और अपराधियों को पकड़ने में पूरी तरह सक्षम भी है। इस सफलता के बाद एक तरफ जिलेवासियों का पुलिस पर भरोसा बढ़ा है तो दूसरी ओर अपराधियों में भी दहशत फैलेगी, इसका उन्हें पूरा भरोसा है।

## स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण के खिलाफ माकपा का प्रदर्शन

**गुना।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आह्वान पर गुरुवार को जिला चिकित्सालय गुना के सामने स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अस्पताल गेट पर एक सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य समिति सदस्य डॉ. विष्णु शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को कमजोर कर उसे निजी हाथों में सौंपने की कोशिश कर रही है। सरकार ने अब रीवा, गुना और देवास जिलों के 18 सामुदायिक




स्वास्थ्य केंद्रों को निजी हाथों में देने का निर्णय लिया है, जो कि स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्ण निजीकरण की शुरूआत है। इससे पहले भी 11 जिला अस्पतालों को पीपीपी मोड पर देने का फैसला जनविरोध के कारण वापस लेना पड़ा था। जिला सचिव जहूर खान, सुरेंद्र सैनी और गोपाल सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ जिले भर में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन कल्याण सिंह लोधी ने किया। प्रदर्शन में सुघर सिंह बैस, ज्ञानेश मेर, गिरीश कश्यप, सोनू साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धीरपुर राम-जानकी मंदिर परिसर में हुआ पौधारोपण

**गुना। क्षेत्र के धीरपुर स्थित प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत गरिमामय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ दिलाई गई।**

इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन ने उपस्थित जनसमुदाय को पौधारोपण की सही वैज्ञानिक विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने रोपे गए पौधों को जीवित रखने और उनकी नियमित देखरेख व सुरक्षा करने की जिम्मेदारी उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं को सौंपी। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह लाखनोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यकताओं को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसकी पूरी जानकारी तथा तस्वीरें संबंधित शासकीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए।

### गुना में अब तक 270 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**गुना।** जिले में 1 जून से 9 जुलाई 2026 की सुबह तक गुना जिले में कुल 270.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि यहाँ की सामान्य बारिश का करीब 25.6 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान जिले में 386.6 मिमी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। भू-अभिलेख विभाग के अनुसार, जिले की संपूर्ण वर्षा ऋतु की सामान्य औसत बारिश 1053.5 मिलीमीटर है। 1 जून से अब तक जिले के विभिन्न वषार्मापी केंद्रों में से गुना में 160.2 मिमी., बमौरी में 170.8 मिमी., आरोन में 229.0 मिमी. और राघौगढ़ में 191.0 मिमी. पानी गिरा है। वहीं चांचौड़ा में 387.0 मिमी., कुम्भराज में 402.0 मिमी. तथा मक्सूदनगढ़ में 352.2 मिमी. बारिश दर्ज हुई है।

## एसडीएम के नेतृत्व में तोड़ी गई 100 फीट लंबी दीवार




### जलभराव से परेशान 50 परिवारों को मिली राहत

नवभारत न्यूज

**गुना। जिला प्रशासन ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जगनपुर चक पर अवैध तरीके से बनाई गई करीबन 100 फीट लंबी सीमेंट की बाउंड्री वॉल को ढहा दिया। गुरुवार दोपहर ढाई बजे एसडीएम के नेतृत्व में नगर पालिका का दस्ता और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और इस अवैध दीवार को तोड़ने की कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक, स्थानीय रहवासियों को हो रही भारी परेशानी और जलभराव की स्थिति को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया है। इस कार्रवाई के बाद प्रभावित बस्ती के लोगों ने राहत की सांस ली है।**

दरअसल, यह पूरा मामला वार्ड क्रमांक 21 स्थित जगनपुर हड्डी मिल बस्ती का है। यहाँ पीएम आवास की ओर जाने वाली सड़क के किनारे एक आरसीसी बाउंड्री वॉल का अवैध निर्माण कर लिया गया था, जिससे क्षेत्र की जल निकासी पूरी तरह ठप हो गई थी। मानसून की दस्तक के साथ ही स्थिति इतनी बदतर हो गई कि बस्ती के 50 से अधिक घरों के अंदर घुटनों तक पानी भर गया। लोगों का राशन और कीमती सामान खराब होने लगा और स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। इस समस्या से परेशान होकर बस्ती के लोगों ने पिछले दिनों कलेक्टर से गुहार लगाते हुए लिखित शिकायत सौंपी थी। कलेक्टर के निर्देश पर जब नगर पालिका की टीम पानी की निकासी के लिए अस्थाई नाली बनाने पहुंची, तो कुछ स्थानीय रसूखदारों ने इस काम का विरोध कर इसे बीच में ही रुकवा दिया था। इसके बाद हुई तेज बारिश से पूरी बस्ती दोबारा जलमग्न हो गई, जिससे रहवासियों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश पनप रहा था। चंद रसूखदारों के आगे बेबस नजर आ रहे प्रशासनिक अमले ने आखिरकार गुरुवार को मौके पर पहुंचकर इस बाउंड्री वॉल को जमींदोज कर दिया।

### सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक खुलेंगे आंगनवाड़ी केंद्र

**गुना।** जिले में मौसम सामान्य होने और हीट वेव (लू) का प्रकोप समाप्त होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव कर दिया गया है। अब सभी केंद्र अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगे। बता दें कि अप्रैल 2026 में अत्यधिक गर्मी और भीषण हीट वेव के कारण बच्चों को राहत देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का समय अस्थायी रूप से बदलकर सुबह 8 बजे से 11 बजे तक किया गया था। अब वर्तमान में मौसम अनुकूल होने के कारण इस अस्थायी व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश चंदेल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र अब पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

## पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के जन्मदिन पर गौशाला में गौसेवा



नवभारत न्यूज

**गुना। पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आचार्य विद्यासागर दयोदय पशु संवर्धन गौशाला, बूढ़े बालाजी रोड, गुना में सुबह 8 बजे गौसेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर दीपेश पाटनी एवं मित्र मंडल द्वारा गौमाताओं के लिए चारा दान कर गौसेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गौमाता की सेवा को भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए समाज से अधिक से अधिक गौसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। दीपेश पाटनी ने कहा कि गौसेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। गौमाता की सेवा मानवता, करुणा और संस्कृति की सच्ची सेवा है। जयवर्धन सिंह के जन्मदिवस पर गौसेवा का यह छोटा-सा प्रयास उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना के साथ समर्पित है। कार्यक्रम के दौरान गौमाताओं को चारा खिलाया गया तथा सभी ने गौशाला के संरक्षण एवं संवर्धन में निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में हरिशंकर विजयवर्गीय, रजनीश शर्मा, दीपेश पाटनी, पंकज कनेरिया, रणवीर सिंह कुशवाह, विक्रम तोमर, नरेंद्र कुशवाह, मनोज जैन और टीपू जैन आदि उपस्थित थे।

### जयवर्धन के जन्मदिन पर कुंभराज अस्पताल में बांटे फल और कपड़े

**कुंभराज।** राघौगढ़ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कुंभराज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समाजसेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां शहर और ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकताओं ने एकत्रित होकर अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं को फल और नवजात शिशुओं को कपड़े वितरित किए। इस दौरान सभी कार्यकताओं ने मिलकर जयवर्धन सिंह के दीघार्यु होने और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यकर्ताओं ने जयवर्धन सिंह को 'बाबा साहब' कहकर संबोधित करते हुए जन्मदिन की आत्मीय बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस सेवा कार्य के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अंकित जैन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष



रामदास सिंह राजपूत, सुरेश चंद्र जैन, पूर्व शहर अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि नरसी खटीक, पार्षद विष्णु मीणा, पार्षद प्रतिनिधि साजिद पठान, पार्षद राधे सैनी, दीपक मीणा और विष्णु सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खींचतान** कहा— परिषद या निकाय में ऐसा कोई नियम नहीं, हमसे नहीं ली गई कोई अनुमति

# नामांतरण कार्य में पटवारी की एंट्री पर नगरपालिका अध्यक्ष नाराज

**गुना। गुना नगरपालिका में लंबित करीब 650 नामांतरण प्रकरणों के भौतिक सत्यापन और दस्तावेजों के परीक्षण के लिए राजस्व विभाग के पटवारी की एंट्री पर सियासत और प्रशासनिक खींचतान तेज हो गई है। इस नई व्यवस्था पर कड़ा ऐतराज जताते हुए नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने इसे पूरी तरह नियम विरुद्ध बताया है। नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि हमारे पास पर्याप्त और अनुभवी स्टाफ है, ऐसे में पटवारी से जांच कराना समझ से परे और गैर-कानूनी है। इससे जनता की परेशानियां और बढ़ेंगी।**

नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा, हमारी राजस्व शाखा में पर्याप्त स्टाफ है और हम अब तक 4000 से अधिक नामांतरणों का निराकरण कर चुके हैं। अध्यक्ष स्तर पर एक भी प्रकरण लंबित नहीं है। जिन प्रकरणों की पेंडेंसी बताई जा रही है, वह पूर्व में प्रभारी सीएमओ रहीं डिप्टी कलेक्टर के समय की है। यदि वे समय पर काम करतीं, तो आज यह स्थिति न बनती।



उनकी लापरवाही के कारण मेरी और मेरी परिषद की बदनामी हुई है। नपा अध्यक्ष ने प्रशासनिक तालमेल पर सवाल उठाते हुए कहा कि निकाय में ऐसा कोई नियम नहीं है और न ही परिषद से ऐसा कोई प्रस्ताव पास हुआ है। उन्हें जिला प्रशासन द्वारा पटवारी नियुक्त किए जाने के संबंध में न तो कोई जानकारी दी गई और न ही किसी आदेश की प्रतिलिपि मिली। उन्होंने कहा कि नपा की राजस्व शाखा में पदस्थ आरआई और आरएसआई बेहद अनुभवी हैं, जो कई निकायों में सीएमओ तक रह चुके हैं। उनके किए काम की जांच पटवारी से कराना विधि संगत नहीं है, इससे नागरिकों को अब पटवारी के चक्कर काटने पड़ेंगे।

**आरआई से ऊपर हुआ कद**

दरअसल, यह पूरा विवाद एसडीएम शिवानी पाठक द्वारा जारी उस आदेश के बाद शुरू हुआ है, जिसमें पटवारी हल्का नंबर 77 में पदस्थ सौरभ बंसल को वर्तमान दायित्व के साथ गुना नपा के नामांतरण कार्य की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। नवागत सीएमओ शैलेश अवस्थी की मांग पर एक माह के लिए की गई इस व्यवस्था के तहत, नपा के आरआई (राजस्व निरीक्षक) द्वारा स्वीकृत किए जा चुके प्रकरण अब अंतिम हस्ताक्षर से पहले पटवारी के पास स्क्रूटनी के लिए जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि तहसील में पटवारी आरआई के नीचे काम करते हैं, लेकिन नपा की इस व्यवस्था में आरआई का कद पटवारी से नीचे हो गया है।

**629 फाइलें धूल खा रहीं, एक मामला 2006 से लंबित**

सूत्रों के मुताबिक, नए सीएमओ शैलेश अवस्थी ने पदभार संभालते ही जब राजस्व शाखा से रिपोर्ट मांगी, तो पता चला कि सीएमओ के हस्ताक्षर के लिए कुल 629 नामांतरण प्रकरण लंबित हैं। इनमें से एक मामला तो वर्ष 2006 का है, जबकि 515 प्रकरण वर्ष 2025 और 2026 के हैं, जब नपा की कमान डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री के हाथों में थी। हालिया स्क्रूटनी के बाद यह पेंडेंसी अब 650 पार कर चुकी है। प्रॉपर्टी मालिक उम्मीद लगाए बैठे थे कि नए सीएमओ के आते ही फाइलें क्लियर होंगी, लेकिन अब पटवारी की एंट्री के बाद इन फाइलों का नए सिरे से परीक्षण होगा, जिससे काम में और देरी होना तय माना जा रहा है।

# मंदिर में पूजा और सफाई के दौरान करंट लगने से पुजारी की मौत, गांव में पसरा मातम



**गुना।** जिले के धरनावदा रोड स्थित एक मंदिर में गुरुवार सुबह रोजाना की तरह पूजा-अर्चना करने पहुंचे मंदिर के पुजारी गिर्राज बैरागी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र और उनके गृह ग्राम में मातम पसर गया है।

पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम भदौड़ी निवासी नंदकिशोर बैरागी के पुत्र गिर्राज बैरागी गुरुवार सुबह करीब 7 बजे मंदिर पहुंचे थे। वे मंदिर परिसर की सफाई के लिए पानी भर रहे थे, तभी मोटर का तार लगाते समय वे अचानक करंट की चपेट में आ गए। करंट इतना जोरदार था कि वे मंदिर परिसर में ही अचेत होकर गिर पड़े। काफी देर बाद जब एक महिला श्रद्धालु मंदिर में जल चढ़ाने पहुंची, तो उन्होंने पंडित जी को बेसुध पड़े देखा। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर एकत्र हुए और आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मंदिर निर्माण के बाद रुठियाई की मंडली ने पंडित गिर्राज जी को पूजा-अर्चना के लिए चुना था और वे पिछले करीब ढाई साल से यहाँ अपनी सेवाएं दे रहे थे। मृतक पुजारी अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### नानाखेड़ी क्षेत्र में युवक ने लगाई फांसी

**गुना।** नानाखेड़ी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। यहां कृषि उपज मंडी में हम्माली का काम करने वाले 35 वर्षीय रामकृष्ण कुशवाह ने अपने सूने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि घटना बुधवार 8 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे की है।